हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार 26 जनवरी 2026

9 लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए युवा वर्ग की भागीदारी जरूरी...



10 चलाया चेकिंग अभियान में होटल व धर्मशालाओं में की सघन जांच



**खबर संक्षेप**

### प्रताड़ना-मारपीट मामले में आरोपी दबोचा

**फतेहाबाद।** थाना शहर टोहाना पुलिस ने महिला द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पति द्वारा प्रताड़ना और मारपीट के मामले में एक आरोपी को काबू किया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता ने अपने बयान में आरोप लगाया कि विवाह के बाद से पति द्वारा लगातार तंग-परिशान किया जाना, मारपीट और धमकियां देना जैसी घटनाएं हो रही थीं।

### हमला करने के मामले में एक युवक पकड़ा

**फतेहाबाद।** रिटायर्ड कर्मचारी के घर के मुख्य गेट को वाहन से टक्कर मारकर तोडने तथा जान से मारने की नीयत से हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कृष्ण भाटी पुत्र पवन कुमार निवासी बंगा मंडी, आदमपुर, जिला हिसार के रूप में हुई।

### पुलिस ने हेरोइन सहित दो युवकों को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए जिला पुलिस ने दो मामलों में हेरोइन सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि पुलिस टीम पुराना बस अड्डा फतेहाबाद के नजदीक नाका लगाकर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान खुशीराम पेट्रोल पंप की तरफ से एक युवक आता दिखाई दिया, जो पुलिस वाहन को तेज कदमों से चलने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने युवक को काबू कर लिया।

## पहाड़ों में बर्फबारी का असर, मैदानी भाग हुए ठंडे

# बारिश के बाद शीतलहर का कहर, ठिठुरा जनजीवन

### ओपीडी में 60 प्रतिशत मरीज खांसी-जुकाम के, डॉक्टरों ने सावधानी बरतने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** ठंड में गंतव्य को जाते बाइक सवार। *फोटो : हरिभूमि*

जिला में हुई बारिश के बाद रविवार को चली शीतलहर ने एक बार फिर ठंड को बढ़ा दिया है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के कारण चल रही ठंडी हवाओं से लोगों की कंपकपी छूट रही है। शीत लहर से अधिकतम तापमान में एक डिग्री तक गिरावट भी आई है। हालांकि दिन में धूप भी निकली, लेकिन पहाड़ों में हुई बर्फबारी के चलते दिनभर ठंड कम नहीं हुई। ऐसे में लोग ठंड से बचाव करते नजर आए। इस ठंड के चलते अस्पताल में भी खांसी-जुकाम के करीब 60 प्रतिशत मरीज दवा लेने पहुंच रहे हैं। इस पर चिकित्सक उन्हें दवा लेने के अलावा ठंड से बचाव करने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं।
फतेहाबाद में बीते कई दिन से धूप निकलने से दिन का अधिकतम तापमान 16 और न्यूनतम 6 डिग्री तक पहुंच रहा था। इससे लोगों को ठिठुरन भरी ठंड से राहत भी मिली थी। इसके बाद शुक्रवार को क्षेत्र में हुई बारिश व पहाड़ों में हो रही भारी बर्फबारी के चलते फिर से शीतलहर चली। शुक्रवार को जहां अधिकतम तापमान 17 डिग्री था, वहीं शनिवार को वह एक डिग्री घटकर 16 डिग्री सेल्सियस रहा। तापमान में आई गिरावट के चलते फिर से ठंड बढ़ गई। रविवार को शीत लहर चलने से तापमान मे और गिरावट दर्ज की गई। रविवार को यहां का तापमान अधिकतम 16 और न्यूनतम 5 डिग्री तक गिर गया। अस्पताल में हर रोज करीब 350 मरीजों की ओपीडी में 60 प्रतिशत खांसी-जुकाम की समस्या बता रहे हैं। इसको लेकर सिविल अस्पताल के चिकित्सक डॉ. बुधराम ने कहा कि इन दिनों सेहत पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बदलते मौसम में सावधानी न बरतने पर खांसी-जुकाम की समस्या बढने के अलावा जिन लोगों को श्वास व जोड़ों का दर्द है, उनकी दिक्कत भी बढ़ जाती है। यही वजह है कि फिलहाल अस्पताल की ओपीडी में आने वाले मरीज खांसी-जुकाम की अधिक समस्या बता रहे हैं। ऐसे में दवा देने के अलावा ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनने, धूप में बैठने, गुनगुना पानी पीने की सलाह दी जा रही है, ताकि वे बीमारियों से दूर रहें। दूसरी तरफ, कृषि विशेषज्ञ ठंड को फसलों के लिए लाभदायक बता रहे हैं।

### आज शाम बदलेगा मौसम

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विभाग के सीनियर साइंटिस्ट डॉ. चंद्रशेखर के अनुसार, हरियाणा में आज राजस्थान के साथ लगते इलाकों में पाला जमने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में आज और गिरावट आ सकती है। इसके बाद 26 जनवरी शाम से मौसम में फिर बदलाव होगा। एक और पश्चिमी विक्षोभ के कारण 27 जनवरी को हरियाणा के अधिकतर इलाकों में बारिश होगी। इसके बाद 28 जनवरी के बाद फिर से हवाएं बदलेंगी और ठंड का दौर फिर से शुरू हो जाएगा।

### अलसुबह और रात को छाई रहेगी धुंध

प्रदेश में 27 जनवरी की एक और पश्चिमीविक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण राज्य में 27 व 28 जनवरी को आंशिक बादलवाई रहने तथा कहीं कहीं बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना है। इस दौरान हल्की से मध्यम गति से हवाएं चलेंगी। इस दौरान अलसुबह व देर रात्रि को कहीं-कहीं धुंध भी रहने की संभावना है।
**-डॉ मदन खीचड़**, विभागाध्यक्ष मौसम विभाग, एचएयू हिसार

# 1055 पुलिसकर्मी तैनात, लगाए नाके

- गणतंत्र दिवस पर फतेहाबाद में सुरक्षा कड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** गणतंत्र दिवस को लेकर गश्त करती पुलिस टीम। *फोटो : हरिभूमि*

गणतंत्र दिवस पर जिले के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित, निडर और गर्वपूर्ण माहौल प्रदान करने के उद्देश्य से फतेहाबाद जिला पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। आज 26 जनवरी को हिसार रोड स्थित पुलिस लाइन में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को शांतिपूर्ण, गरिमामय और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई है। गणतंत्र दिवस को देखते हुए जिलेभर में 1055 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात रहेंगे। एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि गणतंत्र दिवस हम सबके संविधान, हमारी आज़ादी और हमारे गौरव का प्रतीक है। जिला पुलिस हर नागरिक की सुरक्षा के लिए पूरी निष्ठा और तत्परता से खड़ी है। लोग निश्चिंत होकर समारोह में भाग लें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### कृष्ण मिढ़ा आज करेंगे ध्वजारोहण

*पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि फतेहाबाद में होने वाले जिला समारोह में हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष कृष्ण मिढ़ा ध्वजारोहण करेंगे, जबकि टोहाना में विधायक रणधीर सिंह पनिहार एवं रतिया में जिला परिषद चेयरपर्सन सुमन खीचड़ द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इन सभी समारोह में देशभक्ति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, मार्च-पास्ट और विभागीय झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। एसपी ने बताया कि गणतंत्र दिवस को लेरक शहरों के बाजार, बस अड्डे, रेलवे स्टेशन, होटल-ढाबे, भीड़भाड़ वाले क्षेत्र, झुग्गी-बस्तियां एवं सीमावर्ती इलाके-हर स्थान पर पुलिस की कड़ी निगरानी रहेगी। । इसके अतिरिक्त पंजाब और राजस्थान से लगती सीमाओं पर 10 नाके स्थापित कर वाहन और व्यक्तियों की जांच की जा रही है।*

### 12 लाख से अधिक की ठगी के दो आरोपी काबू

**सिरसा।** पुलिस ने 12 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी के मामले में दो आरोपियों को पंजाब से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने सिरसा के एक व्यक्ति से टेलीग्राम ऐप से जुडक़र शेयर मार्केट में ट्रेडिंग कर मोटा मुनाफा कमाने का सांझा देकर ठगी की। सिरसा साइबर थाना प्रभारी श्याम सुंदर ने रविवार को बताया कि पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि उसके पास किसी अज्ञात नंबर से कॉल आई। पीड़ित पूरी तरह से साइबर अपराधियों के झांसे में आ गया और साइबर अपराधियों द्वारा भेजे गए लिंक पर क्लिक कर कम समय में बड़ा मुनाफा कमाने के चक्कर में आ गया और धीरे-धीरे टेलीग्राम एप पर पैसे इंवेस्टमेंट करने लगा।

## दुर्दशा का शिकार शहीद चौक, नहीं सुधरे हालात

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

**ग्रिल और टाइलें टूटी हुई, बिजली के खुले तारों से खतरा**

टोहाना शहर के शहीद चौक की दुर्दशा गणतंत्र दिवस से पहले सामने आई है। हिसार, चंडीगढ़ और फतेहाबाद मार्ग को जाड़ने वाले इस तिराहे पर स्थित चौक की ग्रिल और टाइलें टूटी हुई हैं, जबकि बिजली के खुले तार बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। चौक में लगे फव्वारे बंद पड़े हैं और चारों ओर बड़ी-बड़ी घास उग आई है। कुछ दिन पहले एक ट्रक की टक्कर से चौक की टाइलें और ग्रिल टूट गई थीं, लेकिन नगर परिषद ने अभी तक इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया है, जिससे शहीद चौक की सुंदरता प्रभावित हो रही है। गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने के लिए नलवा से विधायक रणधीर पणिहार टोहाना आएंगे। वे ध्वजारोहण से पहले शहीद चौक पर पहुंचकर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करेंगे।



**टोहाना।** दुर्दशा का शिकार शहर का शहीद चौक। *फोटो : हरिभूमि*



नया शोरूम :- तनिष्क, बस स्टैंड के पास, हिसार रोड, सिरसा, टेली. : 86077 80000



# कुछ सफर रिलीज के साथ खत्म नहीं होते : अनिल

**मुंबई।** साल 2024 में फिल्म 'फाइटर' रिलीज हुई थी। ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण अभिनीत यह फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर आई थी। इसमें अनिल कपूर भी अहम रोल में नजर आए थे। इसकी रिलीज को दो साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर अनिल कपूर पुरानी यादों में खो गए हैं। उनका कहना है कि इस फिल्म से जुड़ी यादें आज भी ताजा हैं। उन्होंने 'फाइटर' से कुछ फोटोज शेयर किए हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'दो साल बीत गए। 'फाइटर' अब भी ऊंची उड़ान पर है। पीछे मुड़कर देखने पर उन यादों के लिए बहुत शुक्रगुजार हूं, जो स्क्रीन बंद होने के बाद भी लंबे समय तक रहती हैं। कुछ सफर रिलीज के साथ खत्म नहीं होते।

लाइफ Style



# मौनी
## इवेंट में हुई छेड़छाड़ पर जताई नाराजगी

अभिनेत्री मौनी रॉय को हाल ही में एक ऐसे घटनाक्रम का सामना करना पड़ा, जिसको लेकर उन्हें शर्मिंदगी महसूस हो रही है। इस मामले पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कानूनी कार्रवाई की बात कही है। अभिनेत्री मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर एक लंबे पोस्ट में एक हैरान करने वाला खुलासा किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस ने आरोप लगाया कि हाल ही में हरियाणा में हुए एक कार्यक्रम में कुछ बुजुर्ग पुरुषों ने उनके साथ छेड़छाड़ की। एक्ट्रेस इस हैरान कर देने वाले घटनाक्रम से सदमे में हैं और उन्हें भारी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। मौनी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा की है। मौनी ने इंस्टाग्राम पर दो स्टोरी साझा की हैं। इनमें उन्होंने लंबे नोट के साथ अपने साथ हुए हादसे का जिक्र किया है। एक्ट्रेस ने लिखा, 'पिछले दिनों करनाल में एक कार्यक्रम था और मेहमानों के व्यवहार से मैं बेहद निराश हूं। खासकर उन दो अंकल लोगों के व्यवहार से जो दादा-दादी की उम्र के हैं। जैसे ही कार्यक्रम शुरू हुआ और मैं मंच की ओर बढ़ी, अंकल और परिवार के सदस्यों सभी पुरुष ने तस्वीरें खींचने के लिए मेरी कमर पर हाथ रख दिया। जब मैंने कहा सर, कृपया अपना हाथ हटा लें, तो उन्हें यह बिल्कुल पसंद नहीं आया।'अभिनेत्री ने आगे बताया, 'मंच पर तो और भी बुरा हाल था। दो अंकल ठीक मेरे सामने खड़े हो गए और अश्लील टिप्पणियां करने लगे, मुझे अश्लील इशारे करने लगे और गालियां देने लगे। मुझे इसका एहसास हुआ और मैंने पहले तो विनम्रता से उन्हें ऐसा न करने का इशारा किया, जिस पर उन्होंने मुझ पर गुलाब फेंकना शुरू कर दिया।

## हॉलीवुड मसाला




# लाइवली-टेलर ने जस्टिन पर बोला धावा

**लॉस एंजिल्स।** टेलर स्विफ्ट और ब्लेक लाइवली की निजी चैट लीक हो गई हैं, जिससे हॉलीवुड में एक नया विवाद खड़ा हो गया है। टेलर स्विफ्ट और ब्लैक लाइवली एक बार फिर सुर्खियों में हैं। वजह ये है कि दोनों की प्राइवेट चैट लीक हो गई है। इस तरह फिल्मी दुनिया में पर्दे के पीछे चल रहे विवाद एक बार फिर चर्चा का विषय बन गए हैं। हॉलीवुड की चर्चित फिल्म इट एंड्स विद अस से शुरू हुआ विवाद अब एक नया मोड़ ले चुका है। ब्लेक लाइवली और टेलर स्विफ्ट अभिनेता-निर्देशक जस्टिन बाल्डोनी से जुड़े हाई-प्रोफाइल कानूनी विवाद का हिस्सा बन गई हैं।



# हॉलीवुड की वो फिल्म जिसमें दिखी महाभारत की झलक

**लॉस एंजिल्स।** साल 2000 में हॉलीवुड में एक फिल्म आई जिसका नाम था 'द लीजेंड ऑफ बैगर वेंस'। इस फिल्म को बनाने के पीछे का उद्देश्य यूं तो आम सा था, लेकिन असल में फिल्म की कहानी कहीं और सो नहीं बल्कि 'महाभारत' से इंस्पायर्ड थी और फिल्म उस दौर में कल्ट क्लासिक बनी थी। फिल्म की कहानी है उस 'अर्जुन' के ऊपर आधारित थी, जो असल में अपने मन की एकाग्रता खो चुका है और फिर उसके जीवन में एक 'कृष्ण' की एंट्री होती है जो उसकी खोई हुई शक्तियों और उसके आत्मविश्वास को याद दिलाता है। विल स्मिथ और मैट डैमन की फिल्म 'द लीजेंड ऑफ बैगर वेंस' की इसी पर आधारित थी। फिल्म का बैकग्राउंड 1916 के सवाना यानि जॉर्जिया की पृष्ठभूमि पर आधारित था। यहीं पर रन्नुल्फ जूनह का किरदार निभाने वाले मैट डैमन एक समय के बेहतरीन गोल्फर हुआ करते थे, लेकिन प्रथम विश्व युद्ध के सदमे ने उसे अंदर से तोड़ दिया।



# सिनेमाघर पहुंचकर बोला भारत माता की जय

**मुंबई।** सिनेमाघरों में 23 जनवरी से वॉर ड्रामा फिल्म 'बॉर्डर 2' चल रही है। दर्शक इसे खूब प्यार दे रहे हैं। पहले और दूसरे दिन फिल्म ने अच्छी कमाई की। इस फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी हैं। सभी कलाकार अपने-अपने हिसाब से दर्शकों का आभार जता रहे हैं। इसी कड़ी में वरुण धवन एक सिनेमाघर में पहुंचे और दर्शकों से बातचीत की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि वरुण धवन उस सिनेमाघर में पहुंचे जहां फिल्म 'बॉर्डर 2' चल रही थी। वह जैसे ही यहां पहुंचे सिनेमाघर तेज आवाज और सीटियों से गूंज उठा। वरुण धवन ने दर्शकों से पूछा, 'आप लोगों को फिल्म कैसी लग रही है?' इस पर दर्शकों ने जवाब दिया 'बहुत अच्छी लग रही है।' इसके बाद उन्होंने जोर से भारत माता की जय बोला।



# किंग का दमदार टीजर किया जारी...

**मुंबई।** इस बार क्रिसमस का त्योहार शाहरुख खान के नाम होने वाला है। 'किंग' के टीजर में शाहरुख खान के किरदार का लुक भी सामने आया है। साथ ही फिल्म की कहानी की भी झलक मिली है। शाहरुख खान ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में 'किंग' का दमदार टीजर शेयर किया। साथ ही कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'किंग' 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दहाड़ने के लिए तैयार है।' किंग खान की इस पोस्ट को फैंस ने भी लाइक किया है। वह अपने पसंदीदा एक्टर की फिल्म देखने के लिए एक्साइटेड हैं। फिल्म 'किंग' के टीजर में शाहरुख खान का किरदार पहले एक पहाड़ की चोटी पर नजर आता है। फिर अचानक जोर से चींखता है। इसके बाद एक कांच की छत को तोड़ते हुए शाहरुख का किरदार सामने आता है। वह खून से लथपथ नजर आता है।

## टीवी मसाला



# कॉमेडी नाइट्स शो छोड़ने का नहीं है कोई मलाल : उपासना

**नई दिल्ली।** कॉमेडी नाइट्स विद कपिल की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेस उपासना सिंह को आज भी लोग पिंकी बुआ के नाम से याद करते हैं। उन्होंने कपिल का शो छोड़ने के बरसों बाद अपनी खामोशी तोड़ी है। अक्सर उनके और कपिल के बीच अनबन की खबरें उड़ती रहती हैं, लेकिन उपासना ने इन सबको अफवाह करार दिया है। उन्होंने बेहद शालीनता से कहा कि उनके मन में शो छोड़ने को लेकर कोई दुख या मलाल नहीं है। उपासना ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि कपिल आज भी उनके छोटे भाई जैसे हैं। फिलहाल वह पंजाबी फिल्मों में काफी बिजी हैं। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि वह सिर्फ एक्टिंग ही नहीं, बल्कि सिने एंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन की जनरल सेक्रेटरी के तौर पर भी बड़ी जिम्मेदारी निभा रही हैं। उन्होंने कलाकारों की पेमेंट समय पर दिलाने और काम के घंटे तय करने जैसे जरूरी मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'जब हमने ढाई साल एक साथ काम किया था। बहुत प्यारे दिन थे और मेरा किरदार पिंकी बुआ बहुत पसंद किया गया था, जैसे फिल्म 'जुदाई' का 'अब्बा, जब्बा, डब्बा'वाला किरदार फेमस हुआ था।' उपासना सिंह ने कहा, 'मैं कपिल और सारी टीम के लिए बहुत खुश हूं और मेरे मन में कोई दुख नहीं है कि मैं अब शो का हिस्सा नहीं हूं। मेरा मानना है कि जब तक भगवान ने मेरा काम वहां लिखा था, मैंने किया। मेरा और कपिल का कोई झगड़ा नहीं है।

## परिवार की मौत का बदला ही नहीं देश की रक्षा भी बना मकसद

**नई दिल्ली।** हाल ही में सीरियल 'नागिन 7' शुरू हुआ है। सीरियल में प्रियंका चाहर चौधरी लीड रोल में हैं। जल्द ही आम लड़की पूर्वी नागिन बनकर अपने परिवार की मौत का बदला लेगी। साथ ही सीरियल में वह देश की रक्षा भी करेगी। नाग मणि पान के लिए कुछ लोगों ने मिलकर पूर्वी के परिवार को मार डाला। अब वह अपना नागिन का रूप पहचान चुकी है। उसका एक ही मकसद रह गया है, अपने परिवार की मौत का बदला। उसे हत्यारों के घर में एंट्री ली है। वह एक-एक करके उन लोगों को मारेगी, जो उसके परिवार की मौत के जिम्मेदार हैं। साथ ही यही लोग देश को नुकसान भी पहुंचाने वाले हैं। ऐसे में पूर्वी नागिन बनकर, सभी बुरे लोगों का खात्मा करेगी। दूसरे हफ्ते की टीआरपी रेटिंग में सीरियल 'नागिन 7' को तीसरा स्थान मिला है।



# शहीद निर्मलजीत सिंह के परिवार से मिले सनी देओल

**मुंबई।** इन दिनों फिल्म 'बॉर्डर 2' सिनेमाघरों में लगी हुई है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने भारतीय वायुसेना के परमवीर चक्र विजेता शहीद निर्मलजीत सिंह सेखों का किरदार अदा किया है। सनी देओल ने हाल ही में निर्मलजीत सिंह के परिवार से मुलाकात की। फिल्म 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसमें सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी और वरुण धवन जैसे सितारे नजर आए हैं। यह फिल्म साल 1971 के भारत-पाक युद्ध पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि हमारी जल, थल और वायुसेना ने किस बहादुरी से दुश्मनों के छक्के छुड़ाए थे। फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने 1971 युद्ध के हीरो शहीद निर्मलजीत सिंह सेखों की भूमिका निभाई है। सनी देओल हाल ही में निर्मलजीत सिंह के परिवार से मिले। सनी देओल ने आज रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें अभिनेता निर्मलजीत सिंह के परिवार के सदस्य के साथ नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है,



'हमारे हीरो परमवीर चक्र फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों के परिवार से मिलना मेरे लिए खुशी की बात थी। फिल्म 'बॉर्डर 2' में इनका रोल दिलजीत दोसांझ कर रहे हैं, जिनकी बेमिसाल बहादुरी की सच्ची कहानी आप फिल्म में देखेंगे। उनके परिवार से मिलना बहुत अच्छा और यादगार था'। निर्मलजीत सिंह सेखों ने 1971 के युद्ध में श्रीनगर एयरफील्ड पर पाकिस्तानी जेट हमलों का अकेले मुकाबला किया था। उन्होंने पाकिस्तान के छह फाइटर जेट खदेड़कर भारत माता की सुरक्षा की थी। महज 26 वर्ष की आयु में उन्होंने देश के लिए प्राण नौछावर कर दिए।

# ये हैं संविधान की अहमियत बताने वाली फिल्में
## मुल्क से लेकर जय भीम तक, संविधान का महत्व समझाती कहानियां



**नई दिल्ली।** आज हर देशवासी 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। यह दिन हमें संविधान की अहमियत समझाता है। संविधान हर भारतीय नागरिक के जीवन को कैसे सशक्त बनाता है। हमें हमारे अधिकारों से संविधान परिचित करवाता है। इस अवसर पर आप ऐसी कुछ चर्चित फिल्में भी देख सकते हैं, जो संविधान का महत्व समझाती हैं। कैसे संविधान से एक नागरिक का जीवन बदलता है, उसकी झलक इन फिल्मों की कहानियों में नजर आती है।

***मुल्क*** : ऋषि कपूर स्टारर की फिल्म 'मुल्क' 2019 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक अल्पसंख्यक परिवार की कहानी थी, सामाजिक भेदभाव, उत्पीड़न का शिकार होता है। ऐसे में यह परिवार कोर्ट का दरवाजा खटखटाता है। इस परिवार की बहू जो पेशे से वकील है, संविधान के आर्टिकल 15 के तहत अपने हक के लिए केस लड़ती है। संविधान का आर्टिकल 15 राज्य में धर्म, जाति, धर्म, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर नागरिकों के बीच भेदभाव को रोकता है।

***आर्टिकल 15*** : अनुभव सिन्हा ने ही एक फिल्म 'आर्टिकल 15' बनाई थी। यह फिल्म भी आम नागरिक को उसे हक के बारे में जागरुक करती है। इस फिल्म में लीड रोल में आयुषमान खुराना थे। फिल्म की कहानी में तीन लड़कियों का अपहरण हो जाता है। इस केस के लिए जब आयुषमान खुराना पुलिस ऑफिसर बनकर जांच करते हैं तो मामला 'आर्टिकल 15' के हनन का निकलता है।

***जय भीम*** : साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'जय भीम' में भी सामाजिक भेदभाव की कहानी थी। यह तमिल लीगल ड्रामा फिल्म 1993 में हुई एक असल घटना पर आधारित थी। 'जय भीम' को एक्टर सूर्या और एक्ट्रेस ज्योतिका ने प्रोड्यूस किया था। फिल्म में एडवोकेट चंद्रू का किरदार सूर्या ने निभाया था, वह इरुलर कबीले के हकों के लिए कानून का दरवाजा खटखटाते हैं। यह फिल्म संविधान के 'आर्टिकल 17' का महत्व बताती हैं। संविधान के इस अनुच्छेद के अनुसार छुआछात गैरकानूनी है।

**न्यूटन** : साल 2017 में रिलीज हुई राजकुमार राव स्टारर फिल्म 'न्यूटन' की कहानी भी नागरिकों वोट देने के उनके मौलिक अधिकारों से अवगत कराती है। संविधान हर नागरिक को वोट देने का अधिकार देता है। इस फिल्म की कहानी में राजकुमार राव एक सरकारी कर्मचारी है, जिसे छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके में वोटिंग करवाने की जिम्मेदारी मिलती है।

## सिनेमा के हर दौर में एक ऐसी देशभक्ति फिल्म आई जो दिलों को छू गई
# इन देशभक्ति गानों को सुनकर जोश से भर जाता है हर भारतीय

*नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस के दिन हर किसी के अंदर देशभक्ति की भावना देखने को मिलती है। इसके साथ ही हर तरफ आपको कुछ ऐसे गाने सुनने को मिलेंगे जो सालों से चले आ रहे और उन्हें सुनकर देशभक्ति का जोश लोगों के अंदर जग जाता है। बॉलीवुड ने कई देशभक्ति फिल्में बनाई हैं और उनके गाने आज भी लोग पूरे दिल से सुनते हैं। हिंदी सिनेमा के हर दौर में एक ऐसी देशभक्ति फिल्म आई जो लोगों को दिलों को छू गई। उन्हीं फिल्मों में कई ऐसे गाने रहे जिन्हें लोगों ने खूब पसंद किया।*

### छोड़ो कल की बातें

1960 में रिलीज हुई फिल्म हम हिंदुस्तानी का ये गाना है। फिल्म में सुनील दत्त, आशा पारेख, संजीव कुमार और जॉय मुखर्जी जैसे कलाकार नजर आए थे। 'छोड़ो कल की बातें'गाना सुनील दत्त पर फिल्माया गया था, जबकि इस गाने को मुकेश ने गाया था। गाने के बोल प्रेम धवन ने लिखे थे और इसका म्यूजिक उशा खन्ना ने तैयार किया था। ये एक बेहतरीन देशभक्ति फिल्म थी जो उस साल की हिट फिल्मों में से एक थी।



### भारत का रहने वाला हूं

1970 में रिलीज हुई फिल्म पूरब और पश्चिम मनोज कुमार ने ही बनाई थी। फिल्म में मनोज कुमार ही लीड रोल में नजर आए थे और उनके अपोजिट सायरा बानो नजर आई थीं। ये एक सुपरहिट फिल्म थी और फिल्म में प्राण, अशोक कुमार, निरुपा रॉय, प्रेम चोपड़ा जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में थे। 'भारत का रहने वाला हूं' गाना सदाबहार बन गया था। इस गाने को महेंद्र कपूर ने गाया था, जबकि गाना मनोज कुमार पर ही फिल्माया गया था। इस गाने का म्यूजिक कल्याणजी आनंदजी ने तैयार किया था और इसके बोल इंद्रवर ने लिखे थे।

### आई लव माई इंडिया

1997 में रिलीज हुई फिल्म परदेश के डायरेक्टर-प्रोड्यूसर सुभाष घई थे। फिल्म में शाहरुख खान, महिमा चौधरी, अपूर्व अग्निहोत्री, अमरीश पुरी और आलोक नाथ अहम किरदारों में नजर आए थे। 'आई लव माई इंडिया'गाना उसी फिल्म का है जिसे आज भी लोग शान के साथ सुनते हैं। इस गाने को हरिहरण, कविता कृष्णमुर्ति, शंकर महादेवन, आदित्य नारायण ने गाया था। गाने का म्यूजिक नदीम-श्रवण ने तैयार किया था और बोल आनंद बख्शी ने लिखे थे।

### संदेशे आते हैं

1997 में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर को जेपी दत्ता ने बनाया था। फिल्म में सनी देओल, जैकी श्रॉफ, सुनील दत्त, अक्षय खन्ना जैसे कलाकार अहम किरदारों में नजर आए थे। ये उस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म थी जिसका दूसरा पार्ट 2026 में रिलीज होगा।'संदेश आते हैं' गाना उसी फिल्म का है और आज भी पसंद किया जाता है। इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था।

### ऐ मेरे वतन के लोगों

दिवंगत सिंगर लता मंगेशकर का ये गाना किसी फिल्म का नहीं है। उन्होंने लाइव ये गाना गाया था और बताया जाता है पहली बार जब उन्होंने ये गाना गाया तब ऑडियंस में बैठे सभी लोगों की आंखों में आंसू आ गए थे। उन लोगों में उस दौर के पीएम स्वर्गीय जवाहर लाल नेहरू भी थे, जिनकी आंखें भर आई थीं। इस गाने को आज भी लोग सुनते हैं और इमोशनल हो जाते हैं। लता मंगेशकर जब भी लाइव कॉन्सर्ट करती थीं, तब ये गाना पब्लिक डिमांड पर वो सुनाती थीं।

### मेरा मुल्क मेरा देश

1996 में रिलीज हुई फिल्म दिलजले के डायरेक्टर हैरी बावेजा थे। फिल्म में अजय देवगन और सोनाली बेंद्रे लीड रोल में थे। फिल्म में ये गाना तीन बार दिखाया गया था और आज भी लोग इस गाने को खास दिनों में सुनते हैं।'मेरा मुल्क मेरा देश' गाना कुमार सानू और आदित्य नारायण के साथ अलका यागनिक ने गाया था। गाने के बोल जावेद अख्तर ने लिखे थे जबकि इसका म्यूजिक अनु मलिक ने तैयार किया था।

## खबर संक्षेप

### खाटू धाम के लिए श्रद्धालुओं की बस रवाना

**सिरसा।** नोहरिया बाजार स्थित प्राचीन श्री श्याम मंदिर से शनिवार रात्रि खाटू धाम के लिए श्रद्धालुओं की बस को रवाना किया गया। बाबा श्याम के जयकारों और भक्ति भाव से गूंजते वातावरण में सभी भक्तों ने यात्रा की शुरुआत की। यह बस सिरसा से रवाना होकर रींगस, राजस्थान पहुंचेगी, जहां से समस्त श्याम भक्त श्याम निशान ध्वजा लेकर खाटू धाम तक पैदल यात्रा करेंगे। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर मंदिर की संरक्षक तारा शर्मा ने बाबा श्याम की ध्वजा दिखाकर बस को रवाना किया।

### चेक बाउंस मामले में वांछित गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस चेक बाउंस मामले में वांछित को गांव झोरडन्नाली क्षेत्र से काबू किया है। पीओ स्टाफ प्रभारी इंस्पेक्टर जनकराज ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपी को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नहीं हुआ। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर अदालत ने आरोपी रोशनलाल को 29 अगस्त 2025 को पीओ घोषित किया था। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में विभिन्न कानूनी धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच पी.ओ. स्टाफ सिरसा को सौंपी गई थी।

### पुलिस कर्मियों को दिलाई मतदान करने की शपथ

**हांसी।** जिला सचिवालय परिसर में रविवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस अवसर पर वेलफेयर निरीक्षक सरोज द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभी पुलिस कर्मचारियों को आगामी चुनावों के दृष्टिगत मतदान करने की शपथ दिलाई गई।
कार्यक्रम के दौरान पुलिस कर्मचारियों को लोकतंत्र के मूल्यों के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई कि वे भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं में पूर्ण आस्था रखते हुए उसकी गरिमा को बनाए रखेंगे।

### शिविर में 260 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**बरवाला।** बरवाला जनसेवार्थ ट्रस्ट द्वारा गांव देवीगढ़ पुनिया में 14वां साप्ताहिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 260 लोगों ने स्वास्थ्य जांच एवं रक्त परीक्षण की सुविधाओं का लाभ उठाया। इस शिविर में जनरल फिजिशियन डॉ संदीप और महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एकता तथा फिजियोथैरेपिस्ट डॉ मनदीप सिंह की उपस्थिति में नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### पुलिस ने उद्‌घोषित आरोपी को किया गिरफ्तार

**नारनौंद।** पुलिस को एक उद्‌घोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रामफल उर्फ पप्पू निवासी कापड़ो के रूप में हुई है। थाना नारनौंद में तैनात मुख्य सिपाही सन्दीप कुमार के अनुसार आरोपित युवक के विरुद्ध वर्ष 2017 में थाना नारनौंद में लड़ाई-झगड़े के मामले में मामला दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान आरोपित युवक अदालत में पेश नहीं हुआ, जिस पर अदालत द्वारा उसे उद्‌घोषित आरोपी घोषित किया गया था। पुलिस ने पहले भी आरोपित को गिरफ्तार किया था।

## भूना में राष्ट्रीय मतदाता दिवस उत्साह से मनाया, बीएलओ और प्रतिभागी हुए सम्मानित

# लोकतंत्र को मजबूत एवं प्रभावी बनाने के लिए युवा वर्ग की भागीदारी जरूरी : अनुराग ढालिया

**विद्यार्थियों एवं सम्मानित विजेताओं को मतदान की शपथ दिलाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

राजकीय महाविद्यालय भूना में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस बड़े ही उत्साह, गरिमामय और प्रेरणादायी वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में कार्यकारी जिला उपायुक्त अनुराग ढालिया मुख्य अतिथि के रूप में तथा राजकुमार सिहाग, उप तहसीलदार एवं जिला निर्वाचन अधिकारी फतेहाबाद विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों, विशेषकर युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 100 प्रतिशत कार्य करने वाले कर्मठ बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) तथा निर्वाचन आयोग द्वारा जिला स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अनुराग ढालिया ने अपने संबोधन में कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी से ही लोकतंत्र को मजबूत और प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं सम्मानित विजेताओं को मतदान की शपथ दिलाई और सभी से निष्पक्ष, निर्भीक एवं जागरूक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया।



**भूना।** निर्वाचन आयोग द्वारा जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विलेताओं को सम्मानित करते कार्यकारी डीसी।

### शपथ ग्रहण कर मनाया राष्ट्रीय मतदाता दिवस


हरिभूमि न्यूज. डबवाली। पुलिस लाइन डबवाली में रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन डबवाली में प्रभारी कल्याण शाखा महिला निरीक्षक कमलेश रानी ने पुलिस कर्मचारियों को निर्भीक होकर मतदान करने/कराने की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी को पूरे भारतवर्ष में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। 26 जनवरी 1950 को भारत एक गणतांत्रिक देश बना था तथा 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग का गठन हुआ था। सन 2011 में भारत सरकार ने चुनाव में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए व लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था। उन्होंने कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक को लोकतंत्र में विश्वास रखकर देश की स्वतंत्र निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने की लोकतांत्रिक परंपरा को बरकरार रखना चाहिए। इसके अलावा प्रत्येक नागरिक को धर्म, जाति, समुदाय, भाषा के आधार पर एवं अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्भीक होकर मतदान करना चाहिए और प्रत्येक मतदाता को अपनी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए।

### मजबूत लोकतंत्र के लिए मताधिकार का प्रयोग जरूरी



**सिरसा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रविवार को लघुसचिवालय स्थित सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त विरेंद्र सहरावत के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में रानियां तहसीलदार शुभम शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान तहसीलदार शुभम शर्मा ने कहा हम सभी को वोट का समान रूप से अधिकार प्राप्त है। सभी नागरिकों को न केवल अपने अधिकारों बल्कि अपने कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक होना चाहिए और मजबूत लोकतंत्र निर्माण के लिए ज्यादा से ज्यादा मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। इसके अलावा न केवल स्वयं मताधिकार को लेकर जागरूक हों, बल्कि अपने आस-पास में भी इस बारे आमजन को जागरूक करें।उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता को जाति, धर्म से ऊपर उठकर तथा बिना किसी प्रलोभन के सही व्यक्ति की पहचान कर अपने मत का प्रयोग जरूर करना चाहिए। उन्होंने उपस्थित सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित भी किया।

### पुलिस कर्मियों ने ली शपथ



**सिरसा।** शहर के बरनाला रोड स्थित पुलिस लाइन में रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह हुआ जिसमें डीएसपी राज सिंह ने उपस्थित पुलिस कर्मियों को राष्ट्रीय मतदान दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि भारत जैसे बड़े लोकतंत्र देश में मतदान के कम होते रुझान को देखते हुए पहली बार वर्ष 2011 में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदान दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत की थी और 2011 से ही हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का हर वर्ष आयोजन सभी भारत के नागरिकों को अपने राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की याद दिलाता है। भारत के प्रत्येक नागरिक की मतदान प्रक्रिया में भागीदारी जरूरी है, क्योंकि आम आदमी का एक वोट ही सरकारें बदल देता है। हम सबका एक वोट ही पलभर में एक अच्छा प्रतिनिधि भी चुन सकता है और एक बेकार प्रतिनिधि भी चुन सकता है इसलिए भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने मत का प्रयोग सोच-समझकर करना चाहिए और ऐसी सरकारें या प्रतिनिधि चुनने के लिए वोट करना चाहिए, जो देश को विकास और तरक्की के पथ पर ले जा सकें।

### लघु सचिवालय परिसर में कर्मचारियों ने ली शपथ



**टोहाना।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रविवार को लघु सचिवालय परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सामूहिक रूप से मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसडीएम आकाश शर्मा ने अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान की महत्ता को बताते हुए वोट डालने और अन्य मतदाताओं से भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया। एसडीएम आकाश शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वयं जागरूक मतदाता बनने के साथ ही अपने आस पड़ोस रहने वाले 18 वर्ष से ऊपर के प्रत्येक नागरिक को मतदाता बनने व निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें।

## जनसेवा के रूप में मनाया सीएम का जन्मदिन

### चाचाणों वाली धर्मशाला में हवन-यज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिन के अवसर पर रविवार को सिरसा के चाचाणों वाली धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-यज्ञ द्वारा किया गया। इसके उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट यतींद्र सिंह ने की। उन्होंने उपस्थितजनों से कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा गरीबों, किसानों, युवाओं एवं महिलाओं के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे मुख्यमंत्री के जन्मदिन को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि जनसेवा दिवस के रूप में मनाएं तथा समाजसेवा, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण एवं जरूरतमंदों की सहायता जैसे कार्यों को प्राथमिकता दें।


**सिरसा।** सीएम सैनी का जन्मदिन हवन यज्ञ करते।

### कर्नाटक में हरियाणवीं रंग बिखेर रहे गुड़ियाखेड़ा के विद्यार्थी

**सिरसा।** कर्नाटक में जारी स्काउट्स व गाइड्स के नेशनल इंटीग्रेशन कैंप में हरियाणा के सिरसा जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुड़ियाखेड़ा के विद्यार्थियों ने हरियाणवीं संस्कृति के रंग बिखेरे हैं। हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले 21 सदस्यीय विद्यार्थियों के दल के जिला कंटीजेंट आनंदप्रकाश कारगवाल, स्काउट मास्टर मुकेश शर्मा, दुलीचंद, गाइड कैप्टन विमल देवी एवं डिंपल कुमारी ने संयुक्त रूप से बताया कि यह नेशनल इंटीग्रेशन कैंप कन्नड़ भवन मुडाब्रेडे, कर्नाटक में आयोजित किया जा रहा है जिसमें विभिन्न दस राज्यों के विद्यार्थी भी भाग ले रहे हैं।

## नव्या-मानुषि ने ताइक्वांडो में जीता कांस्य

### फेडरेशन नेशनल कप में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जयपुर में 18 से 23 जनवरी तक आयोजित फेडरेशन नेशनल कप में द सिरसा स्कूल की ताइक्वांडो अकादमी की होनहार नव्या और मानुषि ने अपने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए ब्रांज मेडल हासिल कर अकादमी व जिले का नाम रोशन किया। अकादमी कोच हरपाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देशभर से खिलाड़ियों ने शिरकत की। द सिरसा स्कूल में स्थित ताइक्वांडो अकादमी में प्रशिक्षणरत नव्या और मानुषि ने भी इस प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की। उन्होंने अपने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए विपक्षी खिलाडियों को परास्त करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा कर जिले व अकादमी का नाम रोशन किया।



विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

#### खिलाड़ियों को दी बधाई

कोच ने बताया कि दोनों खिलाड़ी अकादमी में काफी समय से प्रशिक्षण ले रही है और अनेक प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी है। स्कूल प्रिंसिपल मनीषा गोदारा ने भी नव्या व मानुषि को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि द सिरसा स्कूल प्रबंधन आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ बेहतरीन खेल सुविधाएं भी उपलब्ध करवा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन का प्रयास है कि शिक्षा के साथ-साथ उच्च स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं, ताकि खिलाड़ी खेलों में भी अपना भविष्य स्वर्णिम बना सकें।

### हेरोइन सहित बाइक सवार युवक को दबोचा

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की एक पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गांव भंगू क्षेत्र से मोटरसाइकिल सवार एक युवक को हजारों रुपए की 6 ग्राम 31 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी ने बताया कि नारकोटिक्स सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव भंगू की तरफ जा थी। इस दौरान गांव की तरफ से बाइक पर एक युवक आता हुआ दिखाई दिया जो पुलिस टीम को देखकर अचानक वहां से भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जे से 6 ग्राम 31 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई।

## मां सरस्वती को समर्पित है बसंत पंचमी: एसपी

### जय मां सरस्वती सेवा समिति की ओर से नेहरू पार्क में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जय मां सरस्वती सेवा समिति की ओर से बसंत पंचमी के अवसर पर नेहरू पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति के संस्थापक मुन्ना गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने शिरकत की। एसपी दीपक सहारण ने कहा कि यह दिन ज्ञान, कला, संगीत और शिक्षा की देवी मां सरस्वती को समर्पित होता है। बसंत पंचमी बसंत ऋतु के आगमन का भी प्रतीक है, जो सर्दियों के अंत और गर्मियों की शुरुआत का संकेत देता है। विशिष्ठ अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं ने कहा कि धार्मिक मान्यता है कि बसंत पंचमी यानी ज्ञान, संगीत और कला की देवी सरस्वती के जन्मोत्सव से ही सृष्टि में ज्ञान का संचार हुआ था। इस दिन लोग पीले रंग के कपड़े पहन, पीली चीजें अर्पित कर मां सरस्वती की पूजा करते हैं। इस दिन को शिक्षा, संगीत और कला आदि से जुड़े कार्यों की शुरुआत के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। इस मौके पर बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।


**सिरसा।** एसपी दीपक सहारण को सम्मानित करते हुए आयोजक।

#### किया सम्मानित

इस मौके पर समिति की ओर से मुख्यातिथि एसपी दीपक सहारण व विशिष्टि अतिथि डीईओ सुनीता साईं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर समिति के नवनियुक्त प्रधान महेंद्र कुमार, सचिव अशोक सैनी, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सैनी, सलाहकार राजकुमार पासवान, जनसंपर्क चंद्रदेव यादव, प्रवक्ता निरंजन यादव, कार्यकारिणी सदस्य कपिल देव, बसंत यादव सहित अन्य गणमान्जन उपस्थित थे।

## समस्याओं के समाधान के लिए बनेगी रेजिडेंस वेलफेयर एसो.

### भाईचारा ग्रुप वार्ड नंबर 10 की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भाईचारा गुरप वार्ड नंबर 10 की एक मीटिंग रविवार को एडवोकेट ओमप्रकाश अरोड़ा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूरे वार्ड के एरिया की जो समस्याएं जनस्वास्थ्य विभाग से संबंधित थी, उनके बारे में विभागीय एसडीओ दीपक, जेई गुरप्रीत कंबोज, लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन संजय सब्बरवाल से महत्वपूर्ण चर्चा की गई। बैठक में सांझी समस्याओं के समाधान के लिए भी अहम चर्चा की गई। इन समस्याओं में मुख्य रूप से वार्ड में सभी गलियों व सार्वजनिक स्थानों पर सफाई न होना, आवारा पशुओं व कुत्तों की भरमार, पार्क व गालियों में लाइट खराब रहने बारे, एरिया में कोई प्राइमरी हेल्थ सेंटर न होने बारे संबंधित विभागों के अधिकारियों व राजनेताओं को पत्र लिखकर समाधान करने पर मंथन हुआ। इसस दौरान निर्णय लिया गया कि सभी वार्डवासी इक्_ होकर एक संगठन रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन का गठन करके इसका रजिस्ट्रेशन करवाएंगे और पूरे वार्ड की हर गलियों से एक-एक व्यक्ति को जोडक़र इस संगठन का भाग बनाकर एकजुट रहेंगे।

## करोड़ों परिवारों को सहारा देने वाली मनरेगा को किया जा रहा कमजोर : कुमारी सैलजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के करोड़ों परिवारों के लिए जीवनरेखा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के स्वरूप में किए जा रहे बदलाव मजदूरों के काम मांगने के कानूनी अधिकार, समय पर मजदूरी और ग्राम पंचायतों की स्वायत्तता को कमजोर कर रहे हैं। डिजिटल सत्यापन की जटिलताएं, भुगतान में देरी, बजट में पर्याप्त वृद्धि का अभाव और प्रशासनिक केंद्रीकरण मनरेगा की मूल भावना के विपरीत है। कुमारी सैलजा रविवार को सिरसा जिले के गांव पतली डाबर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि कोरोना जैसे कठिन समय में मनरेगा ने करोड़ों परिवारों को सहारा दिया, लेकिन आज उसी योजना को व्यवस्थित रूप से कमजोर किया जा रहा है। पंचायतों से निर्णय लेने का अधिकार छीना जा रहा है, जिससे स्थानीय जरूरतों की अनदेखी हो रही है। इस अवसर पर कालांवाली के विधायक शीशपाल केहरवाला, पूर्व विधायक प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा, राजकुमार शर्मा, वीरभान मेहता, संदीप नेहरा, कृष्णा फोगाट, जयपाल सिंह लाली, नवीन केडिया, सरपंच हनुमान बिश्नोई, लाधुराम पूनिया, लाल बहादुर खोवाल आदि मौजूद रहे।


**सिरसा।** गांव पतली डाबर में ग्रामीणों को संबोधित करती कुमारी सैलजा।

## स्थापना महोत्सव की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

# श्री खाटू श्याम धाम में आज से सजेगा भक्ति का रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

रानियां रोड स्थित श्री खाटू श्याम धाम में 26 से 30 जनवरी तक 18वां स्थापना महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। स्थापना महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। इस बारे में श्री श्याम परिवार ट्रस्ट परिवार से डॉ. श्याम सुंदर गुप्ता ने रविवार को मंदिर परिसर में मीडिया से रूबरू होते हुए बताया। उनके साथ भारत भूषण गुप्ता, संजीव रातुसरिया सहित अन्य श्याम परिवार ट्रस्ट के सदस्य भी मौजूद थे। डॉ. गुप्ता ने बताया कि स्थापना महोत्सव का आगाज 26 जनवरी को मंदिर प्रांगण में गणेश पूजन से होगा। साथ ही ध्वजा पूजन व मेहंदी रस्म भी आयोजित की जाएगी। 27 जनवरी को नई अनाज मंडी स्थित दुकान नंबर 82 से श्री श्याम बाबा की नगर भ्रमण यात्रा बड़ी धूमधाम के साथ निकाली जाएगी, जोकि शहर के विभिन्न बाजारों से होते हुए वापस मंदिर प्रांगण में पहुंचेगी। शोभायात्रा पर आकाश मार्ग पर पुष्प वर्षा की जाएगी। इसके अलावा उज्जैन से महाकाल नृत्य गुरप भगवान भोलेनाथ के भजनों पर नृत्य करेगा। पश्चिम बंगाल से कलाकार नृत्य की प्रस्तुतियां, जिसमें देवी-देवताओं की अलग-अलग प्रस्तुतियां दी जाएंगी।



**सिरसा।** पत्रकारों से बात करते हुए डॉ. श्याम सुंदर गुप्ता।

### बीन नागिन पार्टी देगी प्रस्तुति

हरियाणा से बीन नागिन पार्टी अपनी प्रस्तुति देगी। इस मौके पर राजस्थान से डफ पार्टी, शहनाई वादक व बाहर से आए हुए कलाकार प्रवीण दाधिची व अमन सैनी बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। शोभायात्रा में 351 निशान ध्वज शामिल होंगे। बाबा का भव्य रथ श्याम श्रद्धालु अपने हाथों से खींचकर बाबा को नगर भ्रमण करवाएंगे। 28 जनवरी को श्री श्याम मंडपम में श्याम बाबा का संकीर्तन रात्रि 7.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। कोलकाता से आने वाले शुभम रूपम और प्रिया-प्राची ठाकुर दिल्ली से बाबा का गुणगान करेंगे। 29 जनवरी को मंदिर प्रांगण में भजन संध्या होगी, जिसमें जयपुर से चतुर्वेदी बाबा की महिमा का गुणगान करेंगी। भजन संध्या के बाद बाबा की आरती होगी और बाबा को छप्पन भोग का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को वितरित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### सैन सभा ने रणजीत सिंह को सम्मानित किया

**सिरसा।** भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती के उपलक्ष्य में श्री सेन सभा चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रानियां रोड स्थित सैन सभा मंदिर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि पूर्व मंत्री रणजीत सिंह ने शिरकत की। इस मौके पर सभा के पदाधिकारी कैप्टन लक्ष्मण दास, रामपाल, दलीप राणा, सत्यनारायण, सतबीर ठाकुर व अन्य मौजूद रहे।

### श्री खाटू श्याम मंदिर में मना बसंत महोत्सव

**टोहाना।** शहर के रतिया रोड स्थित निर्माणाधीन श्री श्याम व मां बगलामुखी मंदिर परिसर में श्री खाटू श्याम द्वितीय बसंत महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अर्चित न्यूवुड से विनोद सिंगला व अर्चित सिंगला ने शिरकत की जबकि मुख्य यजमान के तौर पर समाजसेवी अनिल मेहता कार्यक्रम में पहुंचे। प्रधान बलदेव बंसल ने लोगों का स्वागत किया।

## गणतंत्र दिवस को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

# पुलिस ने होटल और धर्मशालाएं खंगाली स्टेशन पर चला विशेष चेंकिंग अभियान

- सुरक्षा व्यवस्था के लिए 1055 पुलिस कर्मचारी तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में जिलेभर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने हेतु रविवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिला फतेहाबाद में होटल, धर्मशालाओं, झुग्गी-झोपडिय़ों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस द्वारा सघन चेकिंग की गई। पुलिस का उद्देश्य संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखना, असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाना तथा आमजन को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना रहा। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने होटल व धर्मशालाओं में ठहरे लोगों के रिकॉर्ड, पहचान पत्र तथा रजिस्टर की जांच की। संचालकों को निर्देश दिए गए कि वे बिना पहचान सत्यापन के किसी भी व्यक्ति को ठहरने की अनुमति न दें तथा नियमों के अनुसार रजिस्टर में सही विवरण दर्ज करें। इसके साथ ही झुग्गी-झोपडिय़ों में भी पुलिस द्वारा डोर-टू-डोर चेकिंग कर संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान सत्यापित की गई और आवश्यक पूछताछ की गई।

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष जांच अभियान चलाया गया। यहां संदिग्ध व्यक्तियों का पहचान सत्यापन किया गया, प्लेटफॉर्म क्षेत्र में निगरानी बढ़ाई गई तथा लावारिस सामान की जांच की गई। इसी प्रकार बस स्टैंड व अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भी सघन चेकिंग करते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क नजर रखी गई। इस विशेष सुरक्षा व्यवस्था में कुल 1055 पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई, जिन्हें अलग-अलग स्थानों पर तैनात किया गया है।



**फतेहाबाद।** रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी।

### संदिग्ध लोगा

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि या वस्तु की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने और जिले को सुरक्षित रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है तथा सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

### सिरसा में राजस्व मंत्री विपुल गोयल फहराएंगे तिरंगा

**सिरसा।** स्थानीय शहीद भगत सिंह स्टेडियम में सोमवार, 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामयी व भव्य तरीके से मनाया जाएगा। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री विपुल गोयल मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड का निरीक्षण करने के साथ मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। इससे पहले मुख्यातिथि लघु सचिवालय स्थित शहीद स्मारक व स्वतंत्रता सेनानी स्मारक पर अमर शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यअतिथि प्रातः 10 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और इसके बाद परेड का निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा उपमंडल स्तर पर भी समारोहों का आयोजन होगा। नगराधीश अजय सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के परिजनों का सम्मान किया जाएगा।

## महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट ने युवाओं को जागरूक किया

# अशोक नगर में निकली नशामुक्ति रैली महिलाएं बोलीं : हमारे बच्चों को नशे से बचाओ

- संस्थापक भवानी सिंह के नेतृत्व में 'एक संवाद नशे के खिलाफ' मुहिम का दिख रहा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शहर के अशोक नगर में संस्थापक भवानी सिंह के नेतृत्व में 'एक संवाद नशे के खिलाफ' मुहिम के तहत नशामुक्ति यात्रा निकाली गई। यह यात्रा खण्डा चौक से शुरू होते हुए रविदास चौक, खेमाखाती चौक, सिंगीकाट मौहल्ला होते हुए पूरे अशोक नगर में पहुंची व आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक किया। ब्रह्मकुमारी आश्रम के मुख्य संचालक मदन सरदाना, उषा ग्रोवर विशेष तौर पर उपस्थित थी। आश्रम संचालक मदन सरदाना ने भवानी सिंह को आश्वस्त किया कि वह और उनकी पूरी टीम नशे के खिलाफ युवाओं को सदमार्ग पर लाने के लिए हर संभव मदद करेंगे। यात्रा के दौरान अशोक नगर में जगह पर माताओं, बहनो व बुजुर्गो ने भवानी सिंह के सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद देते हुए कहा कि अशोक नगर को नशे की बीमारी से निजात पाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम बेहद कारगर साबित होंगे। महिलाओं ने कहा कि उनके बच्चे नशे जैसी सामाजिक बुराई से बुरी तरह ग्रस्त है।



**फतेहाबाद।** नशामुक्ति यात्रा के दौरान महिला से सहयोग की अपील करते भवानी सिंह।

### नशा तस्करों का समूल नाश करेंगे : भवानी सिंह

भवानी सिंह ने महिलाओं को विश्वास दिलाया कि वे उन्हें नशा बेचने वालों के नाम बताएं, उनकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। इन नशा तस्करों को खत्म करके ही इस लड़ाई का अंत होगा। उन्होने कहा कि फतेहाबाद शहर ही नहीं समूचे जिले से उनके पास इस नशे के खिलाफ लोग सम्पर्क करते हैं और वे उनकी लड़ाई को मजबूती से लड़ रहे हैं। नशामुक्ति यात्रा शुभारंभ से पूर्व जनसभा को संबोधित करते हुए भवानी सिंह कहा कि फतेहाबाद नशे के खिलाफ लड़ाई उन्होने अकेले शुरू की थी लेकिन अब फतेहाबाद उनका परिवार है जिस तरह से महिलाएं व बुजुर्ग उन्हें आर्शीवाद दे रहें हैं उनकी ताकत दोगुनी हो रही है। इस अवसर पर पार्षद सुभाष नायक, चन्द्र मैहता, मनोज महालक्ष्मी, बाबा गौरा सिंह, सरपंच मोहन सिंह, महेन्द्र सिंह, सीताराम मास्टर, संजय जेई, औम प्रकाश, पार्षद सुखदेव सिंह, बंटी कम्बोज, कृष्ण पचार, प्रमोदर अहलीसदर, गुरबेज सरपंच, पूर्व सरपंच अजय, देवेन्द्र सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने उदय कमल में सुना प्रधानमंत्री मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम



**फतेहाबाद।** पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुनते भाजपा नेता।

- जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा सहित वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

**फतेहाबाद।** भूना रोड स्थित बीजेपी जिला कार्यालय में रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा, पूर्व विधायक दुड़ाराम व जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य के साथ काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना तथा देश उन्नति में पीएम मोदी के विचारों की भूमिका भी सराहना की। बीजेपी जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम आमजन से सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री देश के प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र निर्माण से जोडऩे का कार्य करते हैं। पीएम मोदी समाज के हर वर्ग—युवा, किसान, महिला और सैनिक—को प्रेरणा देने वाले विचार साझा करते हैं। मन की बात देशवासियों में सकारात्मक सोच और आत्मनिर्भरता की भावना पैदा करता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, स्टार्टअप, डिजिटल इंडिया जैसे विषयों पर प्रधानमंत्री के विचार प्रेरणादायक हैं।

## लाखों की हेरोइन तस्करी मामले में पुलिस को सफलता, मुख्य सप्लायर बबलू पकड़ा

- पुलिस ने मामले में पहले एक महिला को गिरफ्तार किया था

**फतेहाबाद।** लाखों की हेरोइन की तस्करी करने के मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान बबलू पुत्र गुरमुख सिंह निवासी गुरु नानक मोहल्ला, फतेहाबाद के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए सप्लाई नेटवर्क से जुड़े आरोपियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गश्त एवं अपराध नियंत्रण ड्यूटी के दौरान मिली सूचना के आधार पर गुरु नानकपुरा मोहल्ला क्षेत्र में दबिश दी गई। मौके पर संदिग्ध महिला को काबू कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। आरोपी की पहचान कशमीरो पत्नी गुरमुख सिंह निवासी गुरु नानकपुरा मोहल्ला, फतेहाबाद के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 30.57 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी।

इस मामले में थाना शहर फतेहाबाद में 11 मई 2025 को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस द्वारा जांच के दौरान इस मामले में मुख्य सप्लायर बबलू को भी काबू किया गया है।



**फतेहाबाद।** हेरोइन तस्करी मामले में गिरफ्तार युवक।

## लड़की पर शादी के लिए दबाव बनाने और धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी ने शादी न करने पर सुसाइड की धमकी दी

**फतेहाबाद।** शादी के लिए दबाव डालने और धमकियां देने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान हरपाल खां पुत्र छोटा खां निवासी फतेहपुरी के रूप में हुई है। थाना सदर टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने बताया कि महिला शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि आरोपी पिछले कुछ समय से लगातार उनके ऊपर शादी के लिए दबाव डाल रहा था और धमकियां दे रहा था। आरोपी ने कहा कि यदि वह उससे शादी नहीं करेगी तो वह आत्महत्या करेगा और उसके परिवार को नुकसान पहुंचाएगा। इसके साथ ही आरोपी ने जातिगत अपशब्दों का प्रयोग करते हुए हिंसक धमकियां भी दी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते हुए पीड़िता का बयान महिला अधिवक्ता की उपस्थिति में दर्ज किया। जांच में पाया गया कि आरोपी का व्यवहार महिला के लिए मानसिक और शारीरिक प्रताडऩा का कारण बना। जांच के आधार पर थाना सदर टोहाना में मामला दर्ज किया गया।



**फतेहाबाद।** धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार युवक।

